हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 38 .2 डिग्री
न्यूनतम 19 .5 डिग्री

11 सेवा ज्योति यात्रा को लेकर बैठक में हुई तैयारियों पर चर्चा, डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



12 हमले में घायल युवक ने पीजीआई में तोड़ा दम, पुलिस कार्रवाई से नाराज परिजनों ने लगाया जाम



खबर संक्षेप

मारपीट मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रोहड़ाई पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 1 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में आशियाकी गौरावास निवासी रणधीर, नितेश व अनिल को को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त डंडे भी बरामद किए गए हैं। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उन्हें पुलिस बेल पर रिहा किया गया है।

एनडीपीएस एक्ट मामले में एक दबोचा

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ 19 सितंबर को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसे नशीला पदार्थ राजस्थान के रायबका निवासी अकरम ने मुहैया कराया था। पुलिस ने अब आरोपी अकरम को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

सड़क हादसों का आरोपी चालक गिरफ्तार

कुंड। थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसे के दर्ज मामले में एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद घायल के बयान पर गत 12 मई को केस दर्ज किया था। हादसे में कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया था। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने जांच के बाद राजस्थान के चिड़ावा निवासी महेंद्र सिंह को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसकी कार को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। जांच में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

गाली-गलौज और धमकी के आरोपी धरे

जाटूसाना। पुलिस ने गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुशपुरा में गाली-गलौज करने और लाठियां लेकर मारपीट के लिए दौड़ रहे आरोपियों की वीडियो वायरल होने के बाद 1 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कराने के बाद मोहित और नितिन को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ अलग-अलग दो मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें एक निवारक कार्यवाही के तहत दर्ज किया गया है।

कोर्ट से घोषित पीओ भेजा गया जेल

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। अदालत में चल रहे एक मामले में राजस्थान के कोटकासिम के आकोली की ढाणी निवासी जोगिंद्र पेशी पर नहीं पहुंच रहा था। उसके बार-बार तारीख पर नहीं पहुंचने के कारण नोटिस देकर कोर्ट ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

समिति के संस्थापक अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा 9 को

कुंड। एम्स संघर्ष समिति मनेठी के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व सरपंच श्योताज सिंह की मृत्यु वार्षिकी पर 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे लोटस गार्डन कुंड बस स्टैंड पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

जीत के बाद आस्था जता चुके पार्षद भी झटका देने को तैयार, अंदरखाने राव इंद्रजीत विरोधी खेमा भी कर रहा अपना काम

नप वाइस चेयरमैन का फैसला होगा कल राव की मर्जी पर भारी विरोधियों की सरगर्मी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद चुनावों के लगभग पांच माह बीतने के बाद वाइस चेयरमैन का चुनाव कराने के लिए तारीख की घोषणा 8 अक्टूबर निर्धारित हो चुकी है। इस छोटे चुनाव को लेकर दिग्गजों की नजरें लगी हुई हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की प्रतिष्ठा से यह चुनाव सीधे तौर पर जुड़ चुका है, जिसमें उनका विरोधी खेमा मात देने की बिसात बिछा चुका है। पहली बार वाइस चेयरमैन के चुनाव में 'राव की मर्जी' पर उनके विरोधियों की बढ़ी हुई सरगर्मी हावी होती नजर आ रही है। अक्सर शहर की सरकार बनने के बाद वाइस चेयरमैन का फैसला भी राव इंद्रजीत सिंह की मर्जी से होता रहा है। उनका हाथ जिस पार्षद के सिर पर रखा जाता है, उसे ही वाइस चेयरमैन बना दिया जाता है। इस बार हालात बदले हुए नजर आते हैं। वाइस चेयरमैन की जंग जीतने के लिए किसी भी पार्षद को 17 पार्षदों के मतों की जरूरत होगी। नगर परिषद चुनाव में भाजपा की टिकट पर 12 पार्षद ही जीत दर्ज कर पाए थे।

चंद कांग्रेसी पार्षदों को छोड़कर कुल 28 पार्षदों ने चुनाव जीतने के बाद राव इंद्रजीत के निवास पर जाकर उनमें आस्था जताई थी। राव में आस्था जता चुके इन पार्षदों में से कई उनके हाथ से उस समय निकलते नजर आए, जब राव ने बीते सप्ताह इन पार्षदों को बुलाकर वाइस चेयरमैन के नाम पर सहमति बनाने के प्रयास किए। राव अपने पसंदीदा पार्षद निहाल को इस पद पर आसीन करना चाहते थे, जिसका कई पार्षदों ने विरोध कर दिया। इसके बाद निखिल मांढैया का नाम सामने आया, तो एक खेमे से जुड़े पार्षदों का विरोध अपना काम करने लगा। बाद में निखिल राव समर्थित लगभग एक दर्जन पार्षदों को भ्रमण कराने के लिए 'अज्ञातवास' की ओर निकल गए। वाइस चेयरमैन बनने के लिए निखिल के पास भी पर्याप्त संख्या बल नजर नहीं आ रहा, जिससे उनका इस पद पर आसीन होना आसान नहीं है।



रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय का फाइल फोटो।

अब 'पर्ची' से नहीं चलेगा काम

वाइस चेयरमैन के चुनाव में पर्याप्त संख्या होने की सूरत में राव की 'पर्ची' ही अभी तक अपना काम करती रही है। चुनाव के ऐन मौके पर जिसका नाम पर्ची में खुला, उसकी के सिर पर वीसी का ताज सजता रहा है। इस बार हालात बदले हुए नजर आ रहे हैं। वीसी पद को भी अपने ही खाते में रखने के लिए राव ने चेयरमैन के पति नरेंद्र पीपल के कंधों पर रणनीतिकार की जिम्मेदारी डाली है।

> ■ चुनाव के ऐन मौके पर जिसका नाम पर्ची में खुला, उसकी के सिर पर वीसी का ताज सजता रहा है

चेतराम ही झटका देने को तैयार



राव के करीबी माने जाने वाले पार्षद चेतराम सैनी खुद इस पद पर काबिज होने के लिए एक्टिव हो चुके हैं। पार्षदों के बहुमत का दावा करने वाली पूनम यादव के मैदान में आने से चेतराम के लिए वाइस चेयरमैन की राह आसान नहीं है, लेकिन अगर यह दोनों मिलकर एकमत होते हैं तो इससे राव खेमे की बाजी पलट सकती है। चेतराम को अपनी रणनीति सिरे चढ़ाने के लिए भाजपा के ही राव विरोधी खेमे का पूरा साथ मिल सकता है।

'हॉर्स ट्रेडिंग' की आशंका बढ़ी



वीसी पद के लिए आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए विरोधी पार्षदों की भूमिका काफी बढ़ चुकी है। चार से पांच पार्षदों को अपने खेमे में लाने के लिए 'हॉर्स ट्रेडिंग' की चर्चाएं भी जोर पकड़ने लगी हैं। अंदरखाने सीएम नायब सिंह सैनी का इशारा भी इस चुनाव में अपना काम कर सकता है। राव विरोधी भाजपा का ही एक खेमा चेयरमैनी राव के खाते में जाने के बाद वीसी पद पर उन्हें मात देने के लिए अंदरखाने पूरा प्रयास कर रहा है।

बीमा पॉलिसी के नाम पर 45.80 लाख की ठगी

एक आरोपी का कोर्ट में सरेंडर, पुलिस ने रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीमा पॉलिसी के नाम पर लगभग 45.80 लाख रुपये की ठगी के मामले में एक आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से तुरंत एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मामले के दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 13 अगस्त 2024 को धारूहेड़ा के विपुल गार्डन निवासी राजेंद्र सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया था कि वर्ष 2022 से 2024 के दौरान साइबर ठगों ने उससे लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के फर्जी अधिकारी बनकर संपर्क किया। ठगों ने पॉलिसी विवाद, बोनस, डिविडेंड फंड की 1.47 करोड़ से अधिक राशि जारी करने और पॉलिसी अकाउंट खोलने का झांसा देकर विभिन्न टैक्सों के नाम पर उससे 4579674 रुपये विभिन्न खातों में जमा करा लिए। बाद में उससे और अधिक राशि की मांग की, तो उसे साइबर ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए लोकेंद्र निवासी गांव धनावली जिला बुलंदशहर यूपी हाल आबाद ग्रेटर नोएडा व अशोक कुमार निवासी गांव रोसला जिला बुलंदशहर यूपी हाल आबाद सेक्टर 49 नोएडा को गिरफ्तार कर लिया था।



रेवाड़ी। कोर्ट से रिमांड पर लिया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

पुलिस दबाव के चलते पहुंचा कोर्ट

इस मामले में एक आरोपी यूपी के जिला मेरठ के गांव खरखौदा निवासी समीर त्यागी को गिरफ्तार करने के प्रयास लगातार किए जा रहे थे। पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते त्यागी ने कोर्ट आकर सरेंडर कर दिया। सूचना मिलने के बाद कोर्ट पहुंची साइबर थाना पुलिस ने उसे तुरंत पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर ले लिया। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

श्रद्धालुओं ने इंदिरा एकादशी पर व्रत रखकर की भगवान विष्णु की पूजा



रेवाड़ी। अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की इंदिरा एकादशी पर श्रद्धालुओं ने मंगलवार को व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी यह व्रत रखा। पितृ पक्ष में इंदिरा एकादशी का बड़ा महत्व बताया जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत करने से पितृों का श्राद्ध करने के समान पुण्य मिलता है और व्रत के प्रभाव से पितृों को मुक्ति मिलती है तथा वह मोक्ष को प्राप्त होते है। यह भी मान्यता है कि निराहार व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। एकादशी का व्रत ही ऐसा व्रत है, जिसके व्रत का पारण समय विशेष महत्व रखता है। इंदिरा एकादशी पर इस बार शिव का योग भी बना रहा। धर्म ग्रंथों के अनुसार शिव योग में भगवान विष्णु के साथ भोलेनाथ की पूजा करने से सौभाग्य और समृद्धि में वृद्धि होती है। श्रद्धालुओं ने दैनिक कार्यों से निवृत होकर सूर्य को अर्ध्य दिया और भगवान विष्णु की प्रतिमा का पंचामृत भी किया।

डा. रेनू सोलखे ने किया वन स्टॉप सेंटर नशामुक्ति केंद्र का दौरा



रेवाड़ी। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार डॉ. रेनू सोलखे, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर का दौरा किया। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर हिंसा और संकट से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी सलाह, पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श और अस्थायी आश्रय प्रदान करने वाली भारत सरकार की एक केंद्रीय योजना है। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, रेवाड़ी के उपस्थित स्टाफ मेंबर को उचित दिशा निर्देश दिए। नशा मुक्ति केंद्र का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। नशा मुक्ति केंद्र में संदीपा काउंसलर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में 2 रोगी फिलहाल उपस्थित हैं। रोगियों की समय समय पर काउंसलिंग की जाती है व उन्हें नशा छोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है। सीजेएम डॉ. रेनू सोलखे ने बताया कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाए ताकि कानून की सहायता का लाभ उठा सके।

निसार हत्याकांड नाबालिग को अभिरक्षा में लिया

धारूहेड़ा। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने चर्चित निसार हत्याकांड में शामिल एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार का चुकी है। गत 6 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव भटसाना स्थित एक डेयरी फार्म में मिट्टी के नीचे एक शव दबा हुआ है। सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए धारूहेड़ा पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची थी। मौके पर मौजूद एक महिला की निशानदेही पर जब मिट्टी हटाई गई तो मानव शरीर का अंग दिखाई दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीन ऑफ क्राइम टीम को तुरंत मौके पर बुलाया गया और इयूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में गड्ढे की खुदाई करवाई गई, जहां से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाते हुए नमक, मिट्टी और कपड़े इत्यादि अपने कब्जे में लिए थे। मृतक की शिनाख्त निसार निवासी गांव दमदमा जिला खैरथल-तिजारा के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर हत्या का केस दर्ज करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। आरोपी को जेजे बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया गया।



डा. नवीन एनटीपीसी में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी नियुक्त

कोसली। कोसली गांव के डा. नवीन गोयल का चयन नेशनल थर्मल पावर कापोर्रेशन लिमिटेड में होम्योपैथिक चिकित्सक अधिकारी के पद पर हुआ है। वह अभी एनटीपीसी झाड़ली में अपनी सेवाएं देंगे। साधारण परिवार में जन्में डा. नवीन गोयल की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ अग्रवाल समाज में भी खुशी का माहौल है। समाज के लोगों ने डा नवीन को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके ताऊ उदयभान ने बताया कि नवीन ने अपनी मेहनत और लगन से होम्योपैथी की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूर्ण करने के बाद वह कोसली में अपना स्वयं का क्लीनिक चला रहे थे। उनकी सफलता परिवार के लिए गर्व की बात है। उनकी नियुक्ति से समाज के अन्य युवाओं को भी शिक्षा और अपने लक्ष्य के प्रति मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। अग्रवाल सभा कोसली के प्रधान तेजपाल गर्ग एडवोकेट ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



ओवरलोड वाहनों पर एक्शन शुरू दो एनएच पर पकड़े गए 9 डंपर

रेवाड़ी। सीएम फ्लाइंग ने मंगलवार को आरटीए स्टाफ के साथ दिल्ली-जयपुर और रोहतक नेशनल हाइवे पर डंपरों की जांच करते हुए 9 ओवरलोड डंपरों को इंपाउंड कर दिया। उन पर 6.47 लाख रुपये जुर्माना किया गया है। निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में सीएम फ्लाइंग टीम ने आरटीए कार्यालय की चेकिंग टीम के साथ मिलकर नेशनल हाइवे से गुजरने वाले डंपरों और ट्रकों की जांच शुरू की। एनएच-48 पर चार वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलते मिले। इन चारों वाहनों को इंपाउंड कर 2.66 लाख रुपये जुर्माना किया गया। इसके बाद टीम ने रोहतक नेशनल हाइवे पर वाहनों की चेकिंग शुरू की गई। इस कार्रवाई में संयुक्त टीम ने पांच ओवरलोड वाहनों को पकड़कर उन पर 3.81 लाख रुपये जुर्माना किया। सीएम फ्लाइंग की ओर से इससे पहले भी ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन ओवरलोड वाहनों पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लग पाया है। जब भी ओवरलोड वाहनों की चेकिंग शुरू होती है, इसकी सूचना वाहन मालिकों तक पहुंच जाती है। ओवरलोड डंपर चालक अपने वाहनों को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर पर राजस्थान की सीमा में रोक देते हैं। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर काठूवास ओल प्लाजा के पास वाहनों को रोककर टीम के जाने का इंतजार किया जाता है। राजस्थान की सीमा में खड़े वाहनों पर एक्शन लेने के अधिकारी टीमों के पास नहीं है, जिस कारण ऐसे वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती।



पंचायती रास्ते पर टीनशेड से कब्जा विभाग की टीम ने करवाया खाली



रेवाड़ी। पाडला गांव में पंचायती रास्ते पर टीनशेड डालकर किए गए अवैध कब्जे को मंगलवार को प्रशासन की टीम ने हटवा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। पंचायत विभाग की टीम ने जेसीबी की मदद से कब्जा हटवाकर रास्ते को साफ करा दिया। गांव की पंचायती जमीन पर एक व्यक्ति ने टीनशेड डालकर कब्जा किया हुआ था। यह जमीन पंचायती रास्ता है। ग्राम पंचायत की ओर से बीते दिनों जमीन की पैमाइश कराई गई थी, जिसके बाद यह साफ हो गया था कि टीनशेड पंचायती रास्ते की जमीन पर डाला हुआ है। इसके लिए प्रशासन को शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। वीलेज कॉमन लैंड एक्ट के तहत हुई सुनवाई के बाद प्रशासन ने कब्जा हटवाने के आदेश जारी किए थे। मंगलवार को पंचायती राज विभाग के एसडीओ अनिल कुमार को इयूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया। उनकी मौजूदगी में विभाग की टीम ने जेबसी चलाकर रास्ते की जमीन को मुक्त करा दिया। थाना खोल पुलिस से एएसआई मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा। कब्जा हटने से ग्रामीणों को राहत की सांस मिली है।

कार्रवाई

बिना अनुमति निर्माण करने वालों में हड़कंप, आगे भी जारी रहेगा डीटीपी का एक्शन

अवैध निर्माण पर गरजा पंजा, आठ स्थानों पर तोड़फोड़ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपीकी टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी और बावल क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित किए जा रहे निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई की। प्रशासन ने नियमों की अनदेखी कर किए जा रहे निमार्णों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करते हुए आमजन को भी अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से सावधान रहने की अपील की है। कार्यालय के अनुसार राजस्व संपदा माजरा मुस्ततील, मालकी, पाली, गांगोली, मोहदीनपुर, नांगल मूंदी और आसमपुर सहित अन्य क्षेत्रों में बिना अनुमति विकसित किए जा रहे आठ अवैध निमार्णों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा रेवाड़ी-बावल रोड स्थित राजस्व संपदा बावल में भी बिना अनुमति विकसित किए जा रहे तीन अवैध निमार्णों तथा एक अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान करीब एक एकड़ भूमि में विकसित किए जा रहे दो डीपीसी और दो पक्के चारदीवारी निर्माण भी हटाए गए। जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त इयूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में भारी पुलिस बल की सहायता से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।





रेवाड़ी। अवैध निर्माण गिराते हुए डीटीपी की जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

प्लॉट खरीदने से पहले जांच लें

जिला नगर योजनाकार नरेन्द्र नैन ने आमजन से अपील की कि नियंत्रित क्षेत्र अथवा शहरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पहले विभाग से आवश्यक अनुमति अवश्य लें। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता की जांच करना बेहद जरूरी है, ताकि बाद में विभागीय कार्रवाई और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

डीलरों के झांसे में आने से बचें

उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनी काटने वाले प्रॉपर्टी डीलर कई बार आमजन को आकर्षक वादे और झूठे प्रलोभन देकर खाली जमीन पर प्लॉट बेच देते हैं। जब खरीदार वहां निर्माण शुरू करता है तो प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाती है। ऐसे में खरीदार स्वयं को ठगा हुआ महसूस करता है।

मास्टर नेकीराम की स्मृति में कवि सम्मेलन आज

मीरपुर। प्रसिद्ध सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम की जयंती के उपलक्ष्य में 7 अक्टूबर को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी और कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह के मार्गदर्शन में 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त कवि शिरकत करेंगे। निदेशक छात्र युवा कल्याण प्रोफेसर अदिति शर्मा ने बताया कि मास्टर नेकीराम चेयर एवं मास्टर नेकीराम साहित्य एवं लोकनाट्य कला संरक्षण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध हास्य कवि हलचल हरियाणवी, मास्टर महेंद्र, आलोक भांडोरिया, राजेश भुलक्कड़, दलबीर फूल और मनोज कौशिक अपनी प्रस्तुति देंगे।



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style


तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।




हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।






नई नवेली का दूसरा गाना

फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ

करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला




सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवंश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी


मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।


मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

11 को होगी जांगिड़ समाज की मासिक बैठक

मंडी अटेली। विश्वकर्मा जांगिड़ समाज सुधार सेवा समिति अटेली मंडी की मासिक बैठक 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। समिति के प्रधान संतोष कुमार जांगिड़ ने बताया कि बैठक में 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर आयोजित हवन एवं भंडारे के आय-व्यय का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।आयोजन के दौरान प्राप्त दानराशि और किए गए खर्च की जानकारी समाज के सदस्यों के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से बैठक में समय पर पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैठक में समाज की गतिविधियों को लेकर सदस्यों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

'चिट्ठी लिखो-रिश्ते जोड़ो' अभियान 9 अक्टूबर को

नारनौल। विश्व डाक दिवस के अवसर पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से नौ अक्टूबर को 'चिट्ठी लिखो रिश्ते जोड़ो' अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान की थीम 'डिजिटल संदेशों के दौर में, एक चिट्ठी अपनों के नाम' रखी गई है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि हुडा सेक्टर स्थित सीएल स्कूल में आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत विद्यार्थी, शिक्षक, युवा और नागरिक अपने हाथ से माता-पिता, दादा-दादी, प्रिय शिक्षक, पुराने मित्र, सैनिक अथवा जीवन में विशेष योगदान देने वाले किसी व्यक्ति के नाम चिट्ठी लिखेंगे। प्रतिभागियों को पोस्टकार्ड एवं लिफाफे उपलब्ध करवाकर पत्र संबंधित पते तक डाक से पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

सात दिवसीय शिव महापुराण कथा शुरू

महेंद्रगढ़। पितृपक्ष के उपलक्ष्य में श्री लाइना बाबा सरकार की अनुकंपा से मोहल्ला नीमडी नीचे स्थित श्री शिव श्याम मंदिर के समस्त भक्त जनों के सहयोग सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश से स्वामी कमलदास ने कथा के पहले दिन श्री शिव महापुराण कथा का महात्म्य की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि देवराज विंदुक चंचुला जैसे अनायास श्री शिवमहापुराण कथा को सुनकर शिव लोक को प्राप्त कर लिया। कथा के पूर्व सुबह शहर के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा सुमन के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पुरुषों की अपेक्षा सैंकड़ों की संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का होगा वर्चुअल प्रसारण

सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक, डीसी ने अफसरों को दिए निर्देश

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बीसी में भाग लेते हुए डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार की ओर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार 7 अक्टूबर को प्रदेशभर में सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयुक्त एवं सचिव, सूचना, जनसंपर्क, भाषाएं एवं संस्कृति विभाग हरियाणा केएम पांडुरंग ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों की राज्य स्तरीय बैठक लेकर समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला गुरुग्राम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में विशेष रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला से डीसी अभिषेक मीणा वर्चुअल माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े और आयुक्त एवं सचिव केएम पांडुरंग को जिला से संबंधित तैयारियों बारे अवगत कराया। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, जीएम रोडवेज निरंजन शर्मा और डीडीपीओ नरेंद्र सारवान उपस्थित रहे।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 7 अक्टूबर जिला स्तरीय सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन बाल भवन में भव्य आयोजन पूर्ण सेवा भाव के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक कोसली अनिल कुमार यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार और भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

तालमेल से कार्य करने को कहा

डीसी ने जिला स्तरीय सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प समाह्न कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के नागरिक कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का वर्चुअल माध्यम से सजीव प्रसारण किया जाएगा।

सेवा सेतु शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में मंगलवार को जाटूसाना में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया गया। एडीसी एवं नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला में 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु कैंप आमजन के लिए सशक्त माध्यम बन रहे है, जिसमें एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इन कैंप के माध्यम से केंद्र और हरियाणा सरकार समाज के जरूरतमंद और पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में लगी स्टॉलों पर नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगार एवं स्वरोजगार, कौशल विकास, ऋण, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण तथा अन्य विभागीय सेवाओं की जानकारी दी जा रही है।



रेवाड़ी। शिविर में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कर्मचारी व अधिकारी।

आज नंगली परसापुर में शिविर लगेगा

एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि बुधवार को जिला के बावल ब्लॉक के गांव नंगली परसापुर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि 15 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले मेलो में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएं।



रेवाड़ी। यात्रा की तैयारियों पर चर्चा करते भाजपा नेता। फोटो: हरिभूमि

सेवा ज्योति यात्रा आज, कैबिनेट मंत्री नागर होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जिला रेवाड़ी की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने बताया कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में संवैधानिक दायित्व संभाला था। इसके बाद से उनका जीवन जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा है। इसी उपलक्ष्य में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत रेवाड़ी जिले में सेवा कार्यों, स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यात्रा की तैयारियों को लेकर पिछले दो दिनों से जिला भाजपा कार्यालय में बैठकों का दौर जारी था। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम जिला प्रभारी प्रो. मदन गोयल के मार्गदर्शन में होगा। यात्रा के मुख्य संयोजक रेवाड़ी, बावल और कोसली विधानसभा क्षेत्रों के विधायक लक्ष्मण यादव, डॉ. कृष्ण कुमार और अनिल यादव रहेंगे।

बाल भवन से शुरू होगी यात्रा

डॉ. पोपली ने बताया कि 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जिले के विभिन्न मंडलों और क्षेत्रों से भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक बाल भवन परिसर में एकत्रित होंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का लाइव संबोधन सुनाया जाएगा। इसके बाद बाल भवन से सेवा ज्योति यात्रा शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के साथ ही सेवाभाव को और मजबूत करेगी।

विद्यार्थियों को मुफ्त साइकिल वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में जरूरतमंद एवं अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। हरियाणा सरकार द्वारा संचालित निशुल्क साइकिल योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उनकी शिक्षा को सुगम बनाना है।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि सरकार की ओर से पात्र विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों से विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़कर रखने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



रेवाड़ी। साइकिल मिलने के बाद प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे विद्यार्थी।

पात्रों को मिल रहा समय पर लाभ

उन्होंने बताया कि जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़पुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहड़ाई सहित विभिन्न विद्यालयों में पात्र विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। डीईईओ ने कहा कि विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र विद्यार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।

वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन कल

■ प्रदर्शन के बाद सीईसी का पुतला फूंकने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस 8 अक्टूबर को शहर में विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के घटक दल सीपीएम और सीपीआईएम के साथ मॉडल टाउन स्थित गांधी चौक से पैदल मार्च निकालेंगे और अंबेडकर चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन करेंगे।

प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष छावड़ी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें सीपीआईएम के जिला सचिव का. रामकुमार तथा सीपीएम के जिला प्रधान सतीश कुमार नाहड़ मौजूद रहे।

बैठक में 8 अक्तूबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले पैदल मार्च और विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। दोनों वामपंथी दलों के नेताओं ने कांग्रेस के साथ प्रदर्शन में शामिल होने पर सहमति जताई। बाद में कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष के कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में सुभाष छावड़ी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वोटों की लूट के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मुद्दा अब खुलकर सामने आ चुका है और कांग्रेस जनहित में इसका विरोध कर रही है।



रेवाड़ी। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर बैठक करते सुभाष छावड़ी।

सरकार की नीतियों से जनता परेशान

सीपीएम जिला प्रधान सतीश कुमार नाहड़ ने कहा कि जनता मौजूदा सरकार की नीतियों से परेशान है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के मुद्दे पर सीपीएम कांग्रेस के साथ खड़ी है और 8 अक्तूबर के प्रदर्शन में कार्यकर्ता शामिल होंगे। सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड रामकुमार ने कहा कि लगातार लोगों के वोट काटे जाने का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद से इस्तीफा नहीं देते तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

यादव सभा के वार्षिकोत्सव में सम्मानित होंगी प्रतिभाएं

■ नवंबर में होगा प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह, 20 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। सभा ने इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली जिले की यादव प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया। महासचिव जसवंत सिंह यादव ने बताया कि सभा संरक्षक डॉ. एलएस यादव की देखरेख में वार्षिक उत्सव की जिम्मेदारी प्रो. सतीश यादव को सौंपी गई है। डॉ. एलएस यादव ने कहा कि वार्षिक उत्सव सभा का प्रमुख आयोजन है और इस बार इसे नवंबर में आयोजित किया जाएगा।



रेवाड़ी। सभा की बैठक को संबोधित करते हुए एक वक्ता।

इन लोगों को भी किया जाएगा सम्मानित

इसी प्रकार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, संयुक्त रक्षा सेवा, अर्द्धसैनिक बलों में सहायक कमांडेंट एवं उप कमांडेंट पदों पर चयनित अभ्यर्थियों, राष्ट्रपति एवं राज्यपाल से सम्मानित तथा वीरता पुरस्कार प्राप्त लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। शैक्षणिक क्षेत्र में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, कनिष्ठ शोध अध्येता, पीएचडी, आईआईटी, आईआईएम, सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश, स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर की विश्वविद्यालय मेधावी सूची में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत या अधिक तथा दसवीं कक्षा में 95 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मान मिलेगा। इसके अलावा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी सम्मान के पात्र होंगे।

20 तक करें आवेदन

प्रधान रामबीर यादव ने योग्य अभ्यर्थियों से अपनी उपलब्धि से संबंधित प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ आवेदन 20 अक्टूबर तक यादव सभा रेवाड़ी के कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा कराने की अपील की।

बैठक में यह लोग रहे मौजूद

बैठक में सभा संरक्षक प्रो. आरएस यादव, कमांडेंट आरके यादव, जगजीत सिंह, डॉ. आरके यादव, डॉ. आईएस खैरवाल, आनंद यादव, डॉ. कंवार सिंह, दुलीचंद, जगत सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह, विजयपाल, समय सिंह और बिक्रम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

योजनाओं के लिए डेटा का सटीक होना बेहद जरूरी

नारनौल। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्र संकार्य प्रभाग की ओर से अक्टूबर के दौरान देशभर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों का क्षेत्रीय कार्य आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी राममेहर सिंह ने बताया कि इन सर्वेक्षणों में मुख्य रूप से आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, वार्षिक असंगठित क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण, स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण, प्रवासन संबंधी विवरण सर्वेक्षण और सेवा क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का वार्षिक सर्वेक्षण शामिल हैं। इन सर्वेक्षणों के जरिए रोजगार-बेरोजगारी, घरेलू आय, परिवारों की आर्थिक स्थिति, ऋण, निवेश, प्रवासन, असंगठित व सेवा क्षेत्र की गतिविधियों और वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्यों से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं।

पौधरोपण कर राजकुमार की 14वीं पुण्यतिथि मनाई

■ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश कहा-धरती हरी-भरी रहेगी तभी मिलेगी ऑक्सीजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव बलाहा कलां स्थित राजकीय विद्यालय में स्वर्गीय रामकुमार बौहरा की 14वीं पुण्यतिथि पर वटवृक्ष की पौध लगाई गई। उनकी पुत्रवधू मंजू यादव ने पौध लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की शुद्धता के लिए सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता है।

जब धरती हरी-भरी होगी, तभी प्राणवायु रूपी शुद्ध आक्सीजन मिल सकेगी। इस अवसर पर भारत शर्मा, मनीष एडवोकेट, केहर सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने पौध के संरक्षण और देखभाल का संकल्प लिया।



नारनौल। ग्रामीणों के साथ पौधरोपण करती मंजू यादव। फोटो: हरिभूमि

धोलपोश आश्रम में भंडारा नौ को

महेंद्रगढ़। श्री गौशाला धोलपोश आश्रम सैनीपुरा में प्रत्येक वर्ष आश्विन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महान सन्त सिद्ध बाबा धोलपोश को श्राद्ध भोग लगाया जाता है। मान्यता है कि बाबा धोलपोश को अर्जी लगाकर भंडारे में प्रशाद लेने वाले के पितृदोष शांत होकर घर में सुख शांति आती हैं। विशाल भंडार नौ अक्टूबर शुक्रवार को है। जिसमें 9-10 हजार भक्तजन प्रशाद ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम हवन प्रातः 09-15 सिद्ध बाबा धोलपोश भोग दोपहर 12-15 साधु समाज भोग दोपहर 01-15. भंडारा प्रशाद आरंभ दोपहर 01-30 से आपके आगमन तक। श्री गौशाला धोलपोश आश्रम के प्रधान रविन्द्र तिवाड़ी उप प्रधान रविंद्र चौहान संरक्षक सुरेश शर्मा, सचिव रमेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष मास्टर महाबीर झगडोली एवं समस्त कार्यकारिणी विशाल भंडारा में आप सभी गोसेवक भक्तजनों को सादर आमंत्रित करते हैं।

टूमना में संवाद कार्यक्रम में दी बच्चों के सर्वांगीण विकास की जानकारी



कोसली। टूमना गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में मंगलवार को बच्चों एवं महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर एकता व मनीषा द्वारा एनीमिया की रोकथाम, संतुलित पोषण, स्वच्छता तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की मजबूत नींव शुरूआती वर्षों में ही तैयार होती है, इसलिए इस दौरान पौष्टिक आहार, स्वच्छता, प्रारंभिक शिक्षा और नियमित स्वास्थ्य देखभाल पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। महिलाओं को एनीमिया से बचाव के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, पौष्टिक खाद्य पदार्थ तथा आयरन युक्त आहार को भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच और उनके विकास पर नजर रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन एवं लंबाई मापकर उनके विकास की स्थिति का आकलन किया गया। माताओं को बच्चों के खान-पान और दैनिक देखभाल से संबंधित आवश्यक सुझाव भी दिए गए।इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकताओं सहित गांव की अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष में सामाजिक समरसता को लेकर होंगे विशेष कार्यक्रम

विश्व हिंदू परिषद की बैठक में समरसता पर मंथन



रेवाड़ी। विहिप के सम्मेलन में मौजूद संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विश्व हिंदू परिषद हरियाणा प्रांत की दो दिवसीय प्रांत कार्यकारिणी बैठक एवं प्रशिक्षण वर्ग जांगिड़ भवन में संपन्न हुआ। बैठक में प्रांत के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकताओं ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में धर्मांतरण के मामलों और महिलाओं एवं युवतियों से जुड़े 'लव जिहाद' के आरोपों को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा परिवारों के साथ संवाद मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। बैठक इंद्रप्रस्थ क्षेत्र संगठन मंत्री नीरज धनोरिया के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में हुई। प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम और प्रांत मंत्री यशवंत शेखावत ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों, प्रशिक्षण वर्गों और कार्य विस्तार की जानकारी दी। सामाजिक समरसता, सत्संग, सेवा कार्य, प्रशिक्षण और समाज जागरण को संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए जिला एवं प्रखंड स्तर पर गतिविधियों को और गति देने की योजना बनाई गई। बैठक में सामाजिक समरसता का दायित्व संभाल रहे वरिष्ठ प्रचारक ईश्वर लाल ने कहा कि अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर हरियाणा में सामाजिक समरसता को केंद्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सत्संग ही संगठन का मूल शक्ति केंद्र

नीरज धनोरिया ने कहा कि सत्संग विश्व हिंदू परिषद का मूल शक्ति केंद्र है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में नियमित सत्संग की व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने सप्ताह में एक दिन, एक समय और एक स्थान पर नियमित सत्संग आयोजित करने की योजना को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नियमित सत्संग से समाज में आत्मविश्वास, संगठनात्मक चेतना और सामाजिक सहभागिता मजबूत होती है।

कार्यक्रम में यह पदाधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल, जिला मंत्री परमेश सहित जिला टोली का महत्वपूर्ण योगदान रहा। व्यवस्थाओं में राजकुमार यादव, नरेंद्र जोशी, शिवकुमार, राहुल चोकन, नितेश यादव, किरण पोसवाल, मोनिका यादव, कृष्ण यादव, श्रीभगवान, शिवकुमार शर्मा और अजित यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धर्मांतरण को लेकर जागरूकता पर जोर

बैठक में धर्मांतरण के मामलों तथा महिलाओं और युवतियों से जुड़े 'लव जिहाद' के आरोपों पर भी चर्चा हुई। कार्यकताओं ने समाज में जागरूकता बढ़ाने, परिवारों से संवाद स्थापित करने और महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा तथा सम्मान के लिए सामाजिक स्तर पर प्रयास करने की बात कही।

प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को मिली नई ऊर्जा

प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ती है। समय-समय पर प्रशिक्षण से कार्यकर्ता दायित्वों को बेहतर ढंग से समझकर संगठन के कार्यों को समाज के बीच आगे बढ़ा पाते हैं। बैठक में आगामी प्रशिक्षण वर्गों, संगठन विस्तार को गति देने को लेकर चर्चा हुई।

पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन जाम खोलने को तैयार हुए

हमले में घायल युवक ने पीजीआई में तोड़ा दम पुलिस कार्रवाई से नाराज परिजनों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। युवक की मौत के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन और ग्रामीण, सरकुलर रोड पर बैठकर जाम लगाते हुए ग्रामीण तथा एक ग्रामीण को जबरन सड़क से उठाते सीआईए प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

गत 30 सितंबर को ढाणी सूंदरोज गांव में दो भाइयों पर हुए जानलेवा हमले के बाद पीजीआई रोहतक में दाखिल एक भाई की सोमवार की रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस पर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए परिजनों ने मंगलवार सुबह सिविल अस्पताल के पास सरकुलर रोड पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन जाम खोलने को तैयार हुए। इस दौरान सरकुलर रोड पर लगभग घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे।

ढाणी सुंदरोज निवासी 21 वर्षीय केशव और उसका छोटा भाई 18 वर्षीय राम शहर में स्क्रैप का काम करते रहे हैं। दोनों 30 सितंबर को रेवाड़ी से अपने घर जा रहे थे। गांव पहुंचने पर लगभग आधा दर्जन लोगों ने दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। दोनों को दौड़ा-दौड़ाकर बुरी तरह पीटा गया। जब दोनों भाई बेसुध होकर जमीन पर गिर गए, तो हमलावर वहां से फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने दोनों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उन्हें गंभीरावस्था में रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान केशव की रात को मौत हो गई, जबकि राम की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंगलवार सुबह शव के साथ परिजन सामान्य अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। इसके बाद परिजन अस्पताल के बाहर आकर शहर के प्रमुख सरकुलर रोड पर बैठ गए, जिससे रोड पर लंबा जाम लगना शुरू हो गया। लगभग एक घंटे तक परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर बैठे रहे। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ मामूली झड़प भी हुई। कई ग्रामीणों को पुलिस ने जबरन सड़क से उठा दिया।

सिविल अस्पताल के बाहर सरकुलर रोड पर बैठे परिजन, लगभग एक घंटे तक जाम में फंसे रहे लोग

पिता ने लगाए भाजपा नेता पर आरोप

जाम लगाए बैठे मृतक के पिता ईश्वर सिंह ने आरोप लगाया कि एक भाजपा नेता पहले भी उनके घर पर पथराव कराया था, जिसमें उसके परिवार के सदस्यों को चोटें आई थीं। अब उसी नेता ने अपने आदमी भेजकर उसके बेटों पर हमला कराया है, जिसमें उसके एक बेटे की जान जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उसे बचाने का प्रयास कर रही है।

सीआईए ने दिखाया सख्त रुख

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर सीआईए इंचार्ज संजय व सिटी एसएचओ भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस अपना काम कर रही है। हत्याकांड से जुड़े सभी आरोपियों को हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बावजूद परिजन और ग्रामीण नहीं माने, तो सीआईए ने उन्हें जबरन उठाकर सड़क से जाम खुलवाया। लगभग एक घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा।

मामले की जांच होगी

परिजनों के हंगामे और जाम की सूचना के बाद डीएसपी संजीव बल्हारा ग्रामीणों के बीच पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद रिमांड पर लिया है। इस मामले में जांच के बाद जो भी आरोपी मिलेगा, उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। इसके बावजूद ग्रामीण सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी

शहर का प्रमुख रोड होने के कारण जाम लगने के बाद ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह बिगड़ गई। ट्रैफिक पुलिस ने झज्जर चौक व धारूहेड़ा चुंगी से ट्रैफिक डायवर्ट कराया। इसके बाद बड़ी संख्या में वाहन चालकों ने शहर के बीच रास्तों का सहारा लिया, जिससे शहर में जाम के हालात बने रहे। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

दो आरोपी गिरफ्तार



हमले में घायल दोनों युवकों में से मौत होने के बाद कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। दो दीपांशु और नितिन आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-संजीव बल्हारा, डीएसपी।



रेवाड़ी। भूटान में शोध प्रस्तुत करते हुए डा. संदीप पुरवा। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में गूंजे आईजीयू के शोध के स्वर

- डॉ. संदीप पुरवा, शोधार्थी सुप्रिया और डॉ. पवन कुमार ने प्रस्तुत किए शोधपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मंच पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। भूटान के पारो में 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ह्यहामोनाइजिंग नेचर, इकोनॉमी एंड सोसाइटी, पाथवेज फॉर इंक्लूसिव एंड रेजिलिएंट डेवलपमेंट में विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप पुरवा, शोध छात्रा सुप्रिया तथा होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन में विभिन्न देशों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और नीति-निमार्ताओं ने हिस्सा लिया। डॉ. संदीप पुरवा और शोध छात्रा सुप्रिया ने पर्यावरणीय, सामाजिक एवं सुशासन रिपोर्टिंग, भारतीय परिदृश्य में एक दृष्टिकोण विषय पर शोध प्रस्तुत किया। अध्ययन में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की शीर्ष 30 कंपनियों और 13 विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। शोध में सेबी के बिजनेस रिस्पांसिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग ढांचे के तहत शीर्ष भारतीय कंपनियों में शत-प्रतिशत अनुपालन पाया गया। वन-वे एनोवा सांख्यिकीय परीक्षण के माध्यम से यह भी सामने आया कि ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में रिपोर्टिंग की गहराई और गुणवत्ता में अंतर है।

अतिथि देवो भवः से जिम्मेदार पर्यटन का रास्ता

होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने अतिथि देवो भवः की भारतीय सांस्कृतिक परंपरा और भूटान के ह्यसकल राष्ट्रीय प्रसन्नता के दर्शन को सतत आतिथ्य प्रबंधन से जोड़ते हुए अपना शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों को आधुनिक आतिथ्य प्रबंधन में शामिल करने से पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सकता है।

विवि नेतृत्व ने दी बधाई

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह, वाणिज्य एवं पर्यटन संकाय की डीन प्रो. अदिति शर्मा और वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. रवींद्र ने शोधकर्ताओं को बधाई दी। कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने कहा कि वैश्विक मंच पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत करना पूरे संस्थान के लिए गौरव का विषय है।

न्यूज डायरी

नशीली दवाएं मुहैया कराने का पांचवां आरोपी काबू



रेवाड़ी। सीआईए ने प्रतिबंधित दवाइयां उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। गत वर्ष 19 सितम्बर को सीआईए को सूचना मिली थी कि तरुण निवासी मोहल्ला तोपचीवाड़ा नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है। वह बैग में प्रतिबंधित दवाओं की सप्लाई देने के लिए बस स्टैंड पर किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। सूचना को सच मानकर तुरन्त रेडिंग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम तरुण निवासी मोहल्ला तोपचीवाड़ा बताया था। उसके कब्जे से नशीली दवाओं की 36 शीशी बरामद की थीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में सीआई ने अब राजस्थान के जिला अलवर के गांव रायबका निवासी अकरम उर्फ अका को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



नशा मुक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

रेवाड़ी। नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में पुलिस के निरंतर प्रयास जारी हैं तथा जिला को नशामुक्त बनाने में जुटी है। नशा मुक्ति टीम ने मंगलवार को डोर-टू-डोर अभियान के दौरान गांव जैतपुर शेखपुर में सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो । पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो। अगर गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें।



नाले को साफ कर कूड़ा उठाना भूल गया विभाग

कोसली। स्टेशन क्षेत्र के साल्हावास रोड पर भाकली चौक के समीप ग्राम पंचायत भाकली की ओर से जून माह में नालों की सफाई का कार्य शुरू किया गया था। नालों से निकलने वाले कूड़े को मुख्य सड़क पर ही डालकर छोड़ दिया गया। लगभग चार माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी विभाग ने डाले गए कूड़े को नहीं उठवाया है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने जनसुनवाई कार्यक्रम में विधायक अनिल यादव के समक्ष नालों से निकाले गए कूड़े को उठवाने की मांग की थी। मौके पर ही विधायक अनिल कुमार यादव द्वारा बीडीपीओ नाहड़ को तत्काल प्रभाव से कूड़ा उठवाने के निर्देश जारी कर दिए गए थे। परंतु उसके बाद लगभग दस दिन का समय बीत जाने के बावजूद इस बारे में कोई भी आगामी कार्यवाही विभाग द्वारा नहीं की गई है। स्थानीय लोगों नवीन शर्मा, विकास,अनिल व प्रेम ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से इस कूड़े को तुरंत प्रभाव से उठाए जाने की गुहार की है जिससे उन्हें गंदगी से निजात मिल सके।

आईजीयू की अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं की तिथियां घोषित

- खो-खो, क्रिकेट, शूटिंग और वेटलिफ्टिंग समेत विभिन्न खेलों में होंगे मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से अक्टूबर माह में अंतर महाविद्यालय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं चयन ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि खो-खो, क्रिकेट, शूटिंग तथा वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग और बेस्ट फिजीक प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष एवं महिला वर्ग में किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अंतर विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा।

कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सभी संबद्ध महाविद्यालयों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ने का आह्वान किया। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने विद्यार्थियों से खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में महिलाओं को दी सेहत की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सरकार की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और बच्चों की सेहत के प्रति जागरूकता का प्रसार किया गया। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान में विभिन्न विभागों की ओर से सामाजिक सहभागिता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में राष्ट्र के प्रति दायित्व एवं सेवा की भावना का प्रसार करना तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करवाई गई। उन्हें बताया गया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी सेंटर अपने क्षेत्र में महिला की गर्भावस्था व प्रसूति के बाद दो साल का शिशु होने तक उनकी देखभाल के लिए लाभदायक जानकारी देता रहेगा।



इन गांवों में हुए कार्यक्रम

एसडीएम ने बताया कि आज गांव कोसली, कृष्ण नगर, कान्हड़वास, जाहिदपुर, भुरथला, नाहड़, झोलरी, गुडियानी आदि में इन आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनमें सीडीपीओ कमलेश, कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर अमन यादव, सुपरवाइजर संतोष, पिंकी शर्मा, सुशीला यादव, सुजीता कुमारी, सरपंच रामकला, सुमन देवी, मीनाक्षी देवी, पंच मंजू, एएनएम मुन्नी देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दयावती, बबीता, शीला, ओमपति, गीता, नीलम, पविता आदि उपस्थित रहीं।

समस्याओं के समाधान के लिए एमएलए से मिले ग्राम सचिव



रेवाड़ी। जिला ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन की नवगठित जिला कार्यकारिणी ने मंगलवार को प्रधान श्रीभगवान यादव गुरावड़ा के नेतृत्व में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान ग्राम सचिवों को अपने कार्यों के निर्वहन में आ रही विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक को बताया कि ग्राम सचिव सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीणों को उनका लाभ दिलाने के दौरान उन्हें कई तरह की व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की गई। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम सचिवों की समस्याओं को सरकार तथा जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाकर उनके समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इससे पहले ग्राम सचिवों ने कोसली के विधायक अनिल यादव से मिलकर उनसे भी ग्राम सचिवों की समस्याओं को समाधान कराने की मांग उठाई थी। उपप्रधान रेनू यादव, सचिव मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर व रवि यादव, कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य इस मौके पर मौजूद थे।

नागरिक सर्वेक्षण की सूचनाएं देने में करें सहयोग : जयभगवान

रेवाड़ी। भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्र संकार्य प्रभाग द्वारा वर्ष 1950 से परिवारों एवं प्रतिष्ठानों से विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विषयों पर सूचनाएं एकत्र करने का कार्य किया जा रहा है। सीनियर सांख्यिकी अधिकारी जयभगवान ने बताया कि इन सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़े देश एवं राज्य स्तर पर विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण, उनके प्रभाव के आकलन तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं।

विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण के लिए किया जा रहा है सर्वेक्षण कार्य

इन सर्वेक्षणों में एकत्र की गई सभी सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से अक्तूबर माह के दौरान रेवाड़ी जिले के विभिन्न गांवों में भी एनएसओ द्वारा सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण , वार्षिक असंगठित क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सर्वेक्षण, अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण, स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण, प्रवासन संबंधी विवरण सर्वेक्षण तथा सेवा क्षेत्र में सम्मिलित प्रतिष्ठानों का वार्षिक सर्वेक्षण पर विशेष सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान प्रशिक्षित एनएसओ अधिकारी चयनित परिवारों एवं प्रतिष्ठानों से सुरक्षित डिजिटल उपकरणों एवं अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से जानकारी एकत्रित की जाएगी। **सही और पूर्ण जानकारी की अपील** उन्होंने ने सभी चयनित परिवारों एवं प्रतिष्ठानों से अनुरोध किया है कि वे सर्वेक्षण अधिकारियों को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करने में आवश्यक सहयोग दें। जनता का सहयोग देश के लिए विश्वसनीय सांख्यिकीय आधार तैयार करने तथा बेहतर नीति निर्माण एवं राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

हिमांशी की पेंटिंग रही सबसे अव्वल प्रश्नोत्तरी में ज्योति ने मारी बाजी



रेवाड़ी। वन एवं वन्य प्राणी विभाग की ओर से वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम शहीद जीतराम मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय ईको प्रश्नोत्तरी और ईको पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वन्यजीवों के महत्व, पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका तथा वन्यजीव संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालय के इतिहास प्रवक्ता संजय तथा विज्ञान अध्यापक कृष्ण भारद्वाज ने विद्यार्थियों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनने और उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला स्तरीय ईको प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एपी सांपली विद्यालय की ज्योति ने प्रथम, दीपिका ने द्वितीय तथा खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ईको पेंटिंग प्रतियोगिता में एसवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावड़ा की हिमांशी ने प्रथम, मयंक ने द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर पदैयावास के अनंव ने तृतीय स्थान हासिल किया। **प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह** वन्यप्राणी निरीक्षक चरण सिंह, पूर्व वन दरोगा धर्मचंद, उपवन्यप्राणी निरीक्षक विक्रम, वन दरोगा राहुल तथा वन्यप्राणी रक्षक दीपक सहित अन्य अधिकारियों ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। दीपक ने विद्यार्थियों से वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

सावधान | **सिम स्वैप से ओटीपी लेकर खाता खाली कर सकते हैं साइबर ठग**

अचानक मोबाइल नेटवर्क गायब, तो तुरंत हो जाएं सावधान

- सिम स्वैप से ओटीपी लेकर खाता खाली कर सकते हैं साइबर ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। साइबर ठगी का सांकेतिक फोटो।

मोबाइल फोन का नेटवर्क अचानक गायब होना कई बार सामान्य तकनीकी समस्या हो सकती है, लेकिन यदि बिना किसी कारण लंबे समय तक मोबाइल पर नेटवर्क न आए तो वह साइबर ठगी के संकेत हो सकते हैं। फोन पर न तो कॉल आए और न ही संदेश प्राप्त हों तो इसे हल्के में न लें। यह साइबर ठगी का कारण बन सकता है। साइबर अपराधी सिम स्वैप के जरिए मोबाइल नंबर पर कब्जा कर बैंक खाते को निशाना बना सकते हैं। पुलिस विभाग ने आमजन को सिम से जुड़ी साइबर ठगी के प्रति सावधान करते हुए कहा कि मोबाइल नेटवर्क अचानक बंद होने की स्थिति में तुरंत इसकी जांच करवानी चाहिए। साइबर अपराधी धोखे से किसी व्यक्ति के मोबाइल नंबर का दूसरा सिम जारी करवाने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसा होने पर वास्तविक सिम की सेवा बंद हो जाती है और मोबाइल नंबर पर आने वाले संदेश तथा दूरभाष कॉल अपराधियों तक पहुंच सकते हैं। अपराधियों के पास मोबाइल नंबर पहुंचने के बाद वे बैंक खाते और अन्य ऑनलाइन खातों में प्रवेश के लिए आने वाले एक बार इस्तेमाल होने वाले गुप्त अंक यानी ओटीपी का दुरुपयोग कर सकते हैं। इससे खाते से धनराशि निकालने का खतरा बढ़ जाता है।

नेटवर्क गायब होते ही तुरंत उठाएं कदम

यदि मोबाइल पर अचानक 'कोई सेवा नहीं' या 'केवल आपातकालीन कॉल' दिखाई दे और काफी समय तक कॉल व संदेश प्राप्त न हों तो तुरंत मोबाइल सेवा प्रदाता से संपर्क कर सिम की स्थिति की जांच करवाएं। यदि यही नंबर बैंक खाते से जुड़ा है तो बैंक को भी तत्काल सूचना दें।

ठगी से बचने के लिए सावधानी जरूरी

किसी भी व्यक्ति को गोपनीय अंक, व्यक्तिगत पहचान अंक, कार्ड सुरक्षा अंक या गुप्त शब्द न बताएं। अनजान संदेशों में दिए गए लिंक पर क्लिक कर सिम या ग्राहक पहचान संबंधी जानकारी अद्यतन न करें। अचानक मोबाइल नेटवर्क बंद होने पर तुरंत मोबाइल सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

मोबाइल धारक यह सावधानियां बरतें

- बैंक खाते में अनजान लेन-देन दिखाई दे तो तत्काल बैंक को सूचना दें।
- बैंकिंग व अन्य महत्वपूर्ण खातों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था का उपयोग करें।
- ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर सहायता नंबर 1930 पर शिकायत करें।

सतर्कता ही बचाव का उपाय

साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय सतर्कता है। मोबाइल नेटवर्क में अचानक आया असामान्य बदलाव भी महत्वपूर्ण संकेत हो सकता है, इसलिए ऐसी स्थिति को नजरअंदाज न करें। ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800